# कोलार के आईबीडी मॉल में लगी आग से ब्यूटी पार्लर हुआ खाक

## निगम सीमा से बाहर जाकर दो दमकलों ने आग पर पाया काबू

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

शुक्रवार को कोलार इलाके के आईबीडी मॉल में आग लगने से हड़कम्प मच गया। यहां संचालित एक ब्यूटी पार्लर में आग लगी थी, जो आसपास फैलने लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि पार्लर में रखा सामान और फर्नीचर पूरी तरह जल गया। नगर निगम की दो दमकलों ने करीब 15 मिनट में आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि यह मॉल निगम सीमा से बाहर है। इसके बाद भी निगम की दो दमकलें तुरंत समय बर्बाद किए बिना मौके पर पहुंचीं।

कोलार फायर के पंकज खरे ने बताया कि करीब 12 बजे कंट्रोल रूम को सूचा मिली थी कि कोलार के आईबीडी इंपोरिया मॉल की एक दुकान में तेजी से आग फैल रही है। तुरंत ही पहली दमकल को रवाना किया] इसके बाद दूसरी दमकल भी मौके पर पहुंची और 15 मिनट में आग पर काबू पाया। हालांकि आग बुझाने से पहले ही ब्यूटी पार्लर का सारा सामान और फर्नीचर जलकर खाक हो चुका था। यह मॉल निगम सीमा से बाहर है। बताया जाता है कि ब्यूटी पार्लर में लगी आग आसपास की दुकानों तक फैल रही थी।





### मॉल के पीछे थे फ्लेट, हो सकती थी बड़ी घटना

फायर बिग्रेड के पंकज खरे के मुताबिक आईबीडी मॉल में दुकानों के अलावा फ्लेट भी हैं। जिस पार्लर में आग लगी, उसके पीछे फ्लेट थे। हालांकि तुरंत ही आग पर काबू कर लिया गया। नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। क्योंकि जिस समय यह घटना हुई, ज्यादातर दुकानें बंद थीं। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी।

# हिंदू संगठन ने फ्लैट में दबिश देकर मुस्लिम युवक के साथ युवती को पकड़ा, पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

अयोध्या नगर इलाके के स्थित अभिनव होम्स में शुक्रवार सुबह हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक फ्लैट से मुस्लिम युवक को हिंदू युवती के साथ पकड़ लिया। युवक युवती के किराये के फ्लैट में रुका हुआ था। पड़ोसियों को सुबह उसके कमरे में मौजूद होने की जानकारी मिली तो उन्होंने हिंदू संगठनों को सूचना दे दी। इस पर संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे, जहां युवक और लोगों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। हंगामा बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। पड़ोसियों से झगड़ा करने के आरोप में पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।



पुलिस के मुताबिक दानिश खान, निवासी शाहजहांनाबाद, पेशे से मैकेनिक है। उसकी दोस्ती शहडोल की रहने वाली युवती से है। युवती भोपाल में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है और अभिनव होम्स में किराये से रहती है। दानिश का अक्सर फ्लैट पर आना-जाना था, जिस पर पड़ोसियों को आपत्ति रहती थी। शुक्रवार को जब उन्हें फिर उसके फ्लैट में होने की भनक लगी तो उन्होंने हिंदू संगठनों को जानकारी दी। फ्लैट की जांच के दौरान युवती की दो अन्य रूम पार्टनर भी मौजूद मिलीं।

इस दौरान दानिश ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को अपना नाम दीपक यादव बताकर भ्रमित करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसकी पहचान उजागर हो गई। युवती ने दानिश के आने पर कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन पड़ोसियों की शिकायत पर स्थिति बिगड़ी थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### हिंदू युवक का जबरन धर्म परिवर्तन, मंत्री सारंग के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर

**भोपाल।** जहांगीराबाद इलाके में एक हिंदू युवक को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगा है। शुभम गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि उसकी एक मुस्लिम युवती से जान-पहचान थी। आरोप है कि युवती के पिता ने शादी करवाने का विश्वास दिलाकर शुभम पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। दबाव में आकर शुभम ने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर अपना नाम बदलकर अमन खान तक रख लिया, लेकिन बाद में युवती के पिता विवाह के वादे से पीछे हट गए। मामला सामने आने के बाद प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने स्वयं शुभम गोस्वामी से संपर्क कर उन्हें हर संभव कानूनी सहायता का भरोसा दिया। मंत्री ने भोपाल पुलिस आयुक्त को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और फरियादी को सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश भी दिए। पुलिस ने मामले में मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धराओं के तहत के दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। आवेदन एक दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन कंपनी पोर्टल से भी किए जा सकते हैं। कंपनी के पोर्टल पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा-126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा। उपभोक्ता को धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरुद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है, सत्यापित कर सबमिट करना होगा।

### नर्स से डॉक्टर ने किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद स्थित एक नर्सिंग होम की नर्स ने जूनियर डॉक्टर पर शादी का झांसा देकर 10 महीनों तक शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर अजय विश्वकर्मा ने पहले दोस्ती की और फिर विवाह का भरोसा दिलाकर 3 मार्च 2022 को ईदगाह हिल्स स्थित एक अपार्टमेंट में पहली बार दुष्कर्म किया। इसके बाद वह उसे अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर शोषण करता रहा। लंबे समय तक संबंध बनाए रखने के बाद जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो डॉक्टर ने इनकार कर दिया।


OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (GR) GWALIOR

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**

Motijheel, A.B. Road, Gwalior–474010, Phone : 0751-2448202
Fax : 0751-2448280, E-mail ID : gmpurchasegwl@gmail.com

CGM/GR/11-A/2025-26/9585 Gwalior, Dated : 21.11.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

E-Tenders are invited from eligible bidders for supply of following items :-

| Tender Specification Number | Particulars | Approx. Value (In. Lakh) | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| TS-118 | Rate Contract Award for Repairing & Testing of 11 KV CT Outdoor Dry Type of different ratio | 45.94 Lakh | 5000/- + GST @ 18 % Extra | 92000/- | 17.12.2025 @ 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/123149/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER (GR)**


# बीयू: अब एक क्लिक में होगा वेरिफिकेशन

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा पुराने छात्रों के दस्तावेज़ों के डिजिटल सत्यापन के लिए विकसित वन क्लिक वेरिफिकेशन सॉफ्टवेयर का लोकार्पण राजभवन में राज्यपाल एवं कुलाधिपति, मंगुभाई पटेल ने किया। कुलाधिपति ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बटन दबाकर सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, तकनीकी विशेषज्ञ और सॉफ्टवेयर विकसित करने वाले इंजीनियर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने सॉफ्टवेयर की विशेषताओं और इससे छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं, समय व धन की बचत तथा पूरी पारदर्शी प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख किया। समापन पर कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED**

(Govt. of M.P. Undertaking)
Nishtha Parisar, Bijalee Nagar, Govindpura, Bhopal-23
Phone No. : 0755-2602033-36, Fax : 0755-2589821, 2586636
Ref. : MD/MK/04/NIT/3482 Date : 21.11.2025

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL, Bhopal, invites bids through e-tendering :-

| Tender Speci-fication Number | Particulars | Approx Value (Rs. Lakh) | Tender Fee Including GST (in Rs.) | Date of Pre-Bid Confer-ence | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| MD/MK/04/1248 | Rate Contract for Supply and Installation of Network rack with networking Equipment, I/O points, laying of LAN, OFC cabling and dismantling of existing network rack & LAN cable for Offices under MPMKVVCL Bhopal for three years. | 36.00 | 5900/- | 02.12.25 03.00 PM | 10.12.25 03:00 PM |

Other details and full Tender documents would be available on Company website **https://portal.mpcz.in** & Govt. Website **https://mptenders.gov.in** shortly.

**CHIEF GENERAL MANAGER (PROC.)**

M.P. Madhyam/123152/2025


# रिलीव हुईं एकता अग्रवाल परिषद बैठक में उठा था मुद्दा

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

### रक्तचाप से पीड़ित हैं सहायक आयुक्त, ट्रांसफर चैंज करवाया

नगर निगम में सहायक आयुक्त रहीं एकता अग्रवाल शुक्रवार को रिलीव हो गई हैं। हालांकि शासन ने उनका ट्रांसफर देवास किया था। लेकिन उन्होंने नगरीय प्रशासन को आदेश कैंसिल करवाने के लिए पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने रक्तचाप से पीड़ित होना बताया। इसलिए देवास की जगह उनका ट्रांसफर नगरीय प्रशासन में सहायक संचालक पद पर किया गया है। उन्हें रिलीव करने की मांग निगम की परिषद बैठक में उठ चुकी है।

दरअसल शासन ने चार महीने पहले नगर निगम के दो अधिकरियों का ट्रांसफर अलग-अलग जिलों में किया था। इन अधिकारियों में अपर आयुक्त रहे देवेन्द्र सिंह चौहान और सहायक आयुक्त एकता अग्रवाल का नाम था। लेकिन दोनों ही अधिकारी निगम से जाने को तैयार नहीं हुए और चार महीने तक बिना संशोधित आदेश के काम करते रहे। इससे नाराज दोनों ही दलों के पार्षदों ने 30 अक्टूबर को परिषद में मुद्दा उठाया और परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी से तुरंत दोनों को रिलीव करने की मांग की। अध्यक्ष ने आसंदी से ही दोनों अधिकारियों को रिलीव करने के निर्देश दिए थे।


**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**

(A Govt of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal - 462004
Website : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in
CIN : U41000MP2012SGC028798

NIT No. 22/Proc./MPJN/2025-26 Bhopal, Dated : 19.11.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal invites online Tender for hiring vehicles on rent on monthly, daily, and per-kilometre rates at the office of Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Work | Estimated Cost (Excluding GST) In Lakh | EMD | Tender Fee | Duration (Months) |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Tender for hiring vehicles on rent on monthly, daily, and per-kilometre rates at the office of Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal | 151.02 | 1,51,100 | 12,500/- | 12 |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from 24.11.2025, 17:30 Hrs. Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.

**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/123146/2025 **MANAGING DIRECTOR**



**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.

**गुना शाखा:** पटवारी हल्का नंबर 75, बिल्डिंग प्रथम मंजिल, हीरो शोरूम के सामने, आईसीआईसीआई बैंक के पास, महावीरपुरा, ए.बी रोड, गुना- 473001 (मध्य प्रदेश)

**मंडीदीप शाखा:** प्लॉट नंबर 11, तीसरी मंजिल, अलंकार कॉम्प्लेक्स, वार्ड नंबर 47, एम.पी.नगर, जोन -2, एम.पी.नगर, आईसीआईसीआई बैंक के उपर, भोपाल - 462991 (मध्य प्रदेश)

**नर्मदापुरम शाखा :** खसरा नंबर 72/10, मौजा किशनपुर वार्ड नंबर16, आर.के. श्री टावर, दूसरी मंजिल, इटारसी रोड, मीनाक्षी चौराहे के पास, गाला मंडी के सामने, नर्मदापुरम - 461001 (मध्य प्रदेश)

**भोपाल शाखा:** ऑफिस नं. 1, प्लॉट नं.200, प्रथम मंजिल, ज्योति सिनेप्लेक्स, एम.पी. नगर, जोन- 1, भोपाल 462001 (म. प्र.)

**आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)**

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 05810000239/ गुना शाखा) राजेश ओझा (ऋणी) रचना ओझा (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे 112/15 (सर्वे), ग्राम टकनेरा, पुराना पटवारी हल्का नं. 53, न्यू पटवारी हल्का नं. 21, ग्राम पंचायत टकनेरा, तहसील गुना, जिला गुना, मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- टकनेरा रोड, पश्चिम- 20 फीट चौंडी विक्रेता की भूमि, उत्तर- विक्रेता का मकान, दक्षिण- लालाराम जाटव का मकान | 11-08-2025 & ₹ 9,19,374/- | 18-11-2025 |
| 2 | (लोन कोड नं. 05810000612/ गुना शाखा) मिथलेश चंदेल (ऋणी) राजकुमार चंदेल, इमरती बाई एवं गोपाल सिंह (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान नं. / खसरा नं. 30208, पटवारी हल्का नं. 08, नगर पालिका वार्ड नं. 29 एवं न्यू वार्ड नं. 30, बांसखेड़ी, छावनी गुना, तहसील गुना, जिला गुना मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- नन्दराम का मकान, पश्चिम- रास्ता, उत्तर- गली 05 के बाद फूलसिंह कुशवाह का मकान, दक्षिण- गली 03 के बाद रामचरण चंदेल का मकान | 11-08-2025 & ₹ 4,83,034/- | 18-11-2025 |
| 3 | (लोन कोड नं. 05810000856/ गुना शाखा) सुनील धाकड़ (ऋणी) महेश बाई धाकड़, लक्ष्मीनारायण धाकड़ एवं अतुल धाकड़ (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, ग्राम म्यांना, प.ह.न. 55, सर्वे नं. 574/मिन-2, ग्राम पंचायत म्याना, तहसील गुना, जिला गुना, मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- मेहरबान सिंह की भूमि, पश्चिम- एबी रोड, उत्तर- किशोरी बाई का ब्लॉक, दक्षिण- श्रीमती उषा का ब्लॉक | 11-08-2025 & ₹ 8,65,274/- | 18-11-2025 |
| 4 | (लोन कोड नं. 07000000650 / मंडीदीप शाखा) पंकज सोनी (ऋणी) कैलाश सोनी (सह-ऋणी) गोपाल चंद्रा (जमानतदार) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान नं. 62, मोहल्ला बरखेड़ी अहाता, लक्ष्मी मण्डी, तहसील हुजुर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- अजीज खान का मकान, पश्चिम- 5 फीट चौड़ी गली, उत्तर- मौलाना साहब का मकान, दक्षिण- जिराना बाई एवं रामप्रसाद का मकान | 07-07-2025 & ₹ 13,27,061/- | 19-11-2025 |
| 5 | (लोन कोड नं. 05600000504/ नर्मदापुरम शाखा) नीलेश विश्वकर्मा (ऋणी) माधो सिंह विश्वकर्मा (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, वार्ड नं. 14, नगर पंचायत बरेली, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- अशोक कुमार एवं शैलेन्द्र कुमार की संपत्ति, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर- रास्ता, दक्षिण- हरकिशन बादकुर का मकान | 11-08-2025 & ₹ 8,36,051/- | 19-11-2025 |
| 6 | (लोन कोड नं. 05810000489/ गुना शाखा) गणेश माली (ऋणी) सावित्री बाई (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, पटवारी हल्का नं. 04, सर्वे नं. 571/1/1/1, नगर पालिका वार्ड नं. 07, ईदगाह वार्ड, बंगाली मोहल्ला, तहसील गुना, जिला गुना, मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- बालमुकुंद की भूमि, पश्चिम- 15 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर- मराठा का प्लॉट, दक्षिण- रवि जोशी का मकान | 11-08-2025 & ₹ 2,96,360/- | 19-11-2025 |
| 7 | (लोन कोड नं. 05810000748/ गुना शाखा) वनवीर पिता रामनारायण (ऋणी) गुडिया बाई (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प्लॉट नं. 50, पटवारी हल्का नं. 61, न्यू 04, सर्वे नं. 1070/मिन-1/2, वार्ड नं. 07, ईदगाह बाडी, तहसील गुना, जिला गुना, मध्यप्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- 22 फीट चौंडा रास्ता, पश्चिम- प्लॉट नं. 31, उत्तर- कृष्णमुरारी का प्लॉट नं. 49, दक्षिण- प्लॉट नं. 50 का शेष भाग | 11-08-2025 & ₹ 3,46,526/- | 19-11-2025 |
| 8 | (लोन कोड नं. 00610000773/ भोपाल शाखा) प्रीतम सिंह परिहार (ऋणी) कुमान सिंह परिहार एवं मोनिका (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, प्लॉट नं. एल 7 कस्तूरी कोर्टयार्ड खसरा नंबर 62/8/1/2, 62/8/2/2, 62/8/3/2, 83/8/1/2, 83/8/3/2, न्यू खसरा नंबर 62/8/2/2/1, 62/8/3/2/1, 83/8/3/2/1, 83/8/1/2/1, 83/8/1/2/3, 83/8/2/2/1, 62/8/2/2/2, 62/8/3/2/2, 83/8/1/2/2, 83/8/2/2/2, 83/8/3/2/2, वार्ड नंबर 62, ग्राम कोकता, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व: कॉलोनी रोड, पश्चिम: प्लॉट नंबर ई-08, उत्तर: प्लॉट नंबर एल-07, दक्षिण: जॉगिंग ट्रैक एवं बाउंड्री वॉल | 09-09-2025 & ₹ 7,70,945/- | 19-11-2025 |

**स्थान : मध्य प्रदेश**
**दिनांक : 22.11.2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



GRIHUM HOUSING FINANCE
Apna Ghar. Apni Pehchan.

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाईः धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010

**ई–नीलामी बिक्री सूचना**

**सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''**सुरक्षित लेनदार**'' कहा जाएगा) को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जो है जैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 23–12–2025** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **GHFL**/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

| सं. क्रं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति {सी} | संपत्ति का विवरण {डी} | आरक्षित मूल्य (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि (जी) | वृद्धिशील बोली {एच} | संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय {आई} | नीलामी की तिथि और समय {जे} | ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K |
| 1 | **ऋण संख्या** HL0019710000000501124O **प्रकाश लक्ष्मी प्रसाद (उधारकर्ता) शशि नागवंशी (सह–उधारकर्ता)** | **नोटिस की तारीखः 09–07–2025 कुल बकायाः रू. 1108414/– (केवल ग्यारह लाख आठ हजार चार सौ चौदह रुपये) 09–07–2025 तक देय, साथ में वसूली तक 13.35% सालाना ब्याज।** | **भौतिक** | वह सारी प्रॉपर्टी यानी एक आवासीय प्लॉट नंबर–02, जिसका प्लॉट एरिया 800 वर्ग फुट है, लैंड रेवेन्यू सर्वे नंबर 520{एस} रखबा 0.5220 हेक्ट. का हिस्सा है, जो गांव सुखीसेवनिया पी. एच. नंबर–18 अंडर आउट ऑफ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल में है। **जो इस तरह घिरा हैः–** पूरब में रोड, पश्चिम में संतराम की जमीन, उत्तर में. श्री तिवारीजी का प्लॉट, दक्षिण में विक्रेता प्लॉट नंबर 03 | **रु. 630000/–** (रुपये छह लाख तीस हजार केवल) | **रु. 63000/–** (रुपये तिरेसठ हजार केवल) | 22-12-2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/– | 17-12-2025 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक) | 23-12-2025 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | निरंक |
| 2 | **ऋण संख्या** HL00197100000005049269 **पंकज मालवीय (उधारकर्ता) कैलाशी बाई (सह–उधारकर्ता)** | **नोटिस की तारीखः 09–07–2025 कुल बकायाः रू. 719319/– (रुपये सात लाख उन्नीस हजार तीन सौ उन्नीस सिर्फ) 09–07–2025 तक देय, साथ में वसूली तक 13.35% सालाना ब्याज भी।** | **भौतिक** | प्रॉपर्टी का वह पूरा हिस्सा यानी, एक आवासीय हाउस/प्लॉट नंबर 137, खसरा नंबर 96/3/2/2/1(एस) का हिस्सा एरिया 0.1363 हेक्टेयर, जिसमें 800.00 वर्ग फुट एरिया है, जो गांव नरेला बाजयाफ्त, पटवारी हलका नंबर 48, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल (म.प्र.) में है, **जो इस तरह घिरा हैः–** पूरब 24 फीट चौड़ी कॉलोनी रोड, पश्चिम प्लॉट नंबर 142, उत्तर प्लॉट नंबर 138, दक्षिण प्लॉट नंबर 136। | **रु. 700000/–** (रुपये सात लाख केवल) | **रु. 70000/–** (रुपये सत्तर हजार केवल) | 22-12-2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/– | 17-12-2025 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक) | 23-12-2025 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | निरंक |

**इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।**

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति–विनोद चौहान, ईमेल आईडी–delhi@c1india.com संपर्क नंबर–9813887931** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,'' बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड– ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर–411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **22–12–2025** से पहले जमा करें और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई–मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होंगीः धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010 **मोबाइल नंबर +91 9567626050 ई–मेल आईडी** rahul.r1@grihumhousing.com **नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए** https://www.bankeauctions.com **और** www.grihumhousing.com **पर जाएँ।**

**इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 30 दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।**

**किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।**

**स्थानः इंदौर**
**दिनांकः 22.11.2025**

**हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,**
**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**